बदलते जमाने का अखबार

पीपुल्स समाचार

इंदौर, सोमवार 29 फरवरी 2016

आयोजन▸▸ एडीजी (नारकोटिक्स) कपूर ने दी अपराधों की रोकथाम केलिए समझाइश

इंटरनेट के उपयोग में रखें सुरक्षात्मक सावधानियां

पीपुल्स संवाददाता इंदौर

news.indore@peoplessamachar.co.in

इंटरनेट के उपयोग के दौरान हमें छोटी-छोटी सुरक्षात्मक सावधानियां रखना चाहिए। एक छोटी-सी गलती से भी व्यक्तिगत अथवा संस्थागत नुकसान हो सकता है। इन सबसे बचने का मूल मंत्र जागरूकता है।

ये बात साइबर एक्सपर्ट एडीजी (नारकोटिक्स) वरुण कपूर ने सहयोग अभियान के तहत 141वीं कार्यशाला में भारत विकास परिषद के सदस्यों से कही। पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल की ओर से आयोजित कार्यशाला में परिषद के 75 सदस्यों ने भाग लिया। एडीजी कपूर ने बढ़ते साइबर अपराध और उनकी रोकथाम की दिशा में कई जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि आज हर क्षेत्र में आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग हो रहा है। इंटरनेट के माध्यम से सभी कार्य संपादित हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में छोटी सी गलती से भी व्यक्तिगत अथवा संस्थागत नुकसान हो सकता है। इससे बचने के लिए हमें जागरूकता की जरूरत है। इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी होना भी नितांत आवश्यक है, ताकि गलतियां न हो सकें। वरुण कपूर ने बताया कि जिस प्रकार असली दुनिया में हम जीने के लिए सुरक्षा मानकों को अपनाते हैं, उसी प्रकार इस काल्पनिक दुनिया में भी साइबर के शिकार होने से बचना चाहिए। उन्होंने सुरक्षात्मक सावधानियां बताई। संस्थान के सदस्यों द्वारा पूछेगए प्रश्नों के उत्तर भी दिए। कार्यशाला में परिषद अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, राकेश राठी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। संस्था की ओर से एडीजी वरुण कपूर को प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इंदौर। भारत विकास परिषद् के सदस्यों को कार्यशाला में समझाइश देते एडीजी कपूर।